# पराली प्रबंधन और संतुलित उर्वरक से शिवेंद्र सिंह परिहार ने पेश की टिकाऊ खेती की मिसाल




**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) मझगवां के मार्गदर्शन में जिला सतना के विकासखंड ऊंचेहरा के ग्राम कुंदहरी निवासी प्रगतिशील कृषक श्री शिवेंद्र सिंह परिहार टिकाऊ खेती के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहे हैं। शिवेंद्र सिंह ने पराली (नरवाई) प्रबंधन और संतुलित उर्वरक उपयोग की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर न केवल अपनी लागत कम की है, बल्कि मिट्टी की सेहत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है।

पराली बनी पोषण का स्रोत खेतों में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण और मिट्टी के मित्र कीटों के नुकसान को रोकने के लिए श्री परिहार ने इसका यांत्रिक प्रबंधन शुरू किया है। वे सुपर सीडर हैरो रोटावेटर जैसी मशीनों का उपयोग कर धान और गेहूं की पराली को छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी में मिला देते हैं। इससे जैविक खाद का निर्माण खेत में गलने-सड़ने के बाद पराली खाद में बदल जाती है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ती है।जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है भूमि की नमी सोखने की क्षमता में सुधार हुआ है। लागत में कमी और मिट्टी की उर्वरता बढ़ने से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हुई है। संतुलित उर्वरक उपयोग से बढ़ी उत्पादकता KVK वैज्ञानिकों के सुझाव पर परिहार ने केवल यूरिया या डीएपी पर निर्भर रहने के बजाय मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संतुलित खाद का उपयोग शुरू किया है। वैज्ञानिक प्रबंधन नाइट्रोजन, फास्फोरस, और पोटाश के साथ-साथ सूक्ष्म पोषक तत्वों का उचित समन्वय किया जा रहा है। किसानों के लिए प्रेरणा बने श्री शिवेंद्र सिंह की यह पहल एक सकारात्मक विकल्प के रूप में उभरी है। उनकी सफलता को देख क्षेत्र के अन्य किसान भी आधुनिक और टिकाऊ खेती (Sustainable Farming) की ओर प्रेरित हो रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के मॉडल से किसानों की आय दोगुनी करने और कम लागत, अधिक उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी मदद मिलेगी।

## स्वच्छता एवं सुगम आवागमन व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन सख्त

# निगमायुक्त सुश्री परिहार ने गोल बाजार एवं सुभाष चौक क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुगम आवागमन युक्त बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा बाजार क्षेत्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार देर शाम निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने गोल बाजार एवं सुभाष चौक क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन एवं यातायात संचालन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्रीय व्यवसायियों से संवाद करते हुए कहा कि नगर की स्वच्छता एवं सुचारू आवागमन व्यवस्था बनाए रखने में व्यापारियों एवं आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने दुकानदारों से अपनी-अपनी दुकानों में डस्टबिन रखने तथा सामग्री को दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर रखकर व्यवसाय संचालित करने की अपील की, जिससे बाजार क्षेत्र स्वच्छ एवं व्यवस्थित बने रहें तथा नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।



निगमायुक्त सुश्री परिहार ने गोल बाजार एवं सुभाष चौक क्षेत्र के व्यापारियों से चर्चा कर निगम से संबंधित समस्याओं एवं सफाई व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया निगमायुक्त ने व्यवसायियों से कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए निगम प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है, जिसमें व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं नागरिकों का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निगमायुक्त द्वारा गोल बाजार की विभिन्न गलियों में सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण वाहनों की नियमितता, डस्टबिन उपयोग की स्थिति एवं यातायात अवरोध संबंधी परिस्थितियों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सड़क एवं नालियों के ऊपर रखी सामग्री, सार्वजनिक मार्गो पर किए गए अतिक्रमण तथा आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाली व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निरीक्षण के दौरान लल्लू भैया स्तंभ के समीप, तुलसीदास एंड सन्स गली एवं जय अंबे ट्रेडर्स के सामने सार्वजनिक मार्ग पर रखी सामग्री को हटाकर आवागमन सुचारू करने के निर्देश दिए।

नालियों पर किए गए अतिक्रमण हटाकर नालियों का गहरीकरण एवं ढकने की कार्यवाही कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निगमायुक्त ने देश भंडार के सामने स्थित एप्रोच मार्ग से अतिक्रमण हटाने, गोल बाजार क्षेत्र में दुकानें बंद होने के पूर्व नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित कराने, सुभाष चौक स्थित नाले की जाली की मरम्मत कराने तथा चौराहे के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

# प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने एसपी मनोहर सिंह मंडलोई व कलेक्टर विवेक श्रोतीय के साथ 20 चालकों को मौके पर पहनाए हेलमेट

## प्रभारी मंत्री जी ने सराहा हेलमेट अभियान, एसपी मंडलोई के प्रयास से 70 चालकों को मिला सुरक्षा कवच

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**

प्रभारी मंत्री जी ने सराहा हेलमेट अभियान, एसपी मंडलोई के प्रयास से 70 चालकों को मिला सुरक्षा कवच हेलमेट नियम नहीं, जीवन की सुरक्षा का आधार–प्रभारी मंत्री का संदेश, जागरूकता और सम्मान से सड़क सुरक्षा को मिला नया आयाम माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर तथा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना की मंशा के अनुरूप सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिले में जन-जागरूकता आधारित हेलमेट अभियान संवेदनशील एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में यह अभियान निरंतर जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में दिनांक 06 मई 2026 को थाना देहात परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर के द्वारा वाहन चालकों से सीधा संवाद स्थापित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों के महत्व, हेलमेट के उपयोग एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को सरल एवं व्यवहारिक रूप में समझाया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जी ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं कलेक्टर विवेक श्रोतीय की उपस्थिति में ट्रेफिक नियमों का पालन करने वाले 15 वाहन चालकों (जिम्मेदार नागरिकों) को पानी की बोतल भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहन मिला। वहीं



बिना हेलमेट वाहन चला रहे 20 चालकों को मौके पर ही हेलमेट पहनाकर उन्हें सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया तथा नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर *वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व, सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम एवं उससे होने वाले नुकसान* के बारे में सहज संवाद के माध्यम से अवगत कराया गया, जिससे वे स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा के प्रति अधिक सजग बन सकें।

**प्रभारी मंत्री का संदेश:**हेलमेट केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का आधार है। हमारा उद्देश्य दंडात्मक कार्यवाही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित रखना है। जो नागरिक नियमों का पालन कर रहे हैं, उनका सम्मान और जो अभी जागरूक नहीं हैं, उन्हें प्रेरित करना–इसी संतुलन से एक सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर में 50 वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर जागरूक किया जा चुका है, जो इस अभियान की निरंतरता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।

**उपस्थित गणमान्य एवं अधिकारी:** इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता सिंह, पूर्व विधायक राकेश गिरी, महेश यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, तहसीलदार टीकमगढ़, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव, यातायात प्रभारी सूबेदार आर्या पाराशर सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी, पत्रकारगण एवं आमजन उपस्थित रहे। यह पहल न केवल यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करती है, बल्कि पुलिस की मानवीय एवं संवेदनशील कार्यशैली को भी दर्शाती है, जो एक सुरक्षित, सजग और जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**टीकमगढ़ पुलिस:** सुरक्षा संवेदनशीलता विश्वास-जनहित में समर्पित आपकी सुरक्षा-हमारा संकल्प।

## प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने दीनदयाल रसोई का किया निरीक्षण, आमजन के साथ किया भोजन



**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**

मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु कल्याण विभाग की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने आज नगर पालिका टीकमगढ़ द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोई में आमजन के साथ बैठकर भोजन किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने रसोई में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं संचालन व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से भी संवाद कर भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया।

**दीनदयाल रसोई में बनाए गए जन शीतल आश्रय की करी सराहना।** इस दौरान प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में नगर पालिका टीकमगढ़ के सीएमओ श्री ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा रसोई में आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए वातानुकूलित जन शीतल आश्रय व्यवस्था तथा लू से बचाव , शरीर में पानी की कमी को रोकने के लिए बनाए गए ओआरएस स्टॉल की सराहना की। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीनदयाल रसोई में स्वच्छता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को सस्ती दर पर पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन निरंतर उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर श्रीमती सरोज राजपूत, पूर्व मंत्री राहुल सिंह, पूर्व विधायक टीकमगढ़ राकेश गिरि गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका प्रशासक श्रीमती अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सतना द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल आयोजन

## सीनियर डॉक्टर्स ने दिखाया दम,जूनियर्स भी नहीं रहे कम



**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना शाखा द्वारा दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम, सतना में भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 52 डॉक्टर्स एवं परिवार जनों के कुल 12 ग्रुपों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कुल 34 मैच खेले गए।

टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह एवं अनुशासन का परिचय दिया। पूरे आयोजन में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसने उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।इस आयोजन के मुख्य अतिथि रोटेरियन अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पी डब्लू डी आफिसर श्री चंद्रकांत कुम्हारे की विशेष उपस्थिति रही। इस आयोजन के संयोजक डॉ. निशांत कुम्हारे ने प्रतियोगिता के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आई एम ए सतना के अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल एवं सचिव डॉ. आलोक खन्ना के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सुचारु रूप से आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन चिकित्सकों के बीच आपसी सौहार्द, स्वास्थ्य जागरूकता एवं टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। सचिव डॉ. आलोक खन्ना ने सभी खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। इस आयोजन में मुख्य रूप से डॉ आर के नेमा, डॉ हेमंत पाण्डेय, डॉ आर एस त्रिपाठी,डॉ डी के तिवारी, डॉ जी पी सिंह, डॉ के एक नामदेव, डॉ आर के मिश्रा, डॉ नवीन कालरा, डॉ विपिन दुबे डॉ सारिका कालरा, डॉ ललित गुप्ता, डॉ सुनीता गुप्ता,डॉ प्रतिभा दुबे, डॉ संजीव प्रजापति, डॉ मनोज प्रजापति,डॉ इमरान खान, डॉ प्रतिमा कुम्हारे , डॉ श्रद्धांश अग्रवाल के साथ साथ बड़ी संख्या में डॉक्टर्स एवं परिवार जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं एवं उपविजेताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सुपर सीनियर सिंगल्स में स्वर्ण पदक डॉ. आर. के. मिश्रा एवं रजत पदक डॉ. हेमंत पांडे ने प्राप्त किया।

# प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री एवं पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन का परिणाम है:अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय

## सभी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं झालमुड़ी का वितरण कर जीत की खुशी साझा की

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल,असम एवं पुडुचेरी में मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में गांधी चौराहा,पर एकत्रित होकर भव्य विजय उत्सव मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं झालमुड़ी का वितरण कर जीत की खुशी साझा की।

अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने इस विजय को सभी कार्यकर्ताओं की जीत बताते हुए कहा कि यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष लता सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच



की सराहना की। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीतू राय ने कहा कि देशभर में भाजपा के बढ़ते जनाधार से यह स्पष्ट है कि जनता भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारीगण, ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व सांसद रामबहादुर सिंह ठाकुर,पूर्व विधायक खुरई अरुणोदय चोबे,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र संकल्प जैन सहित अनेक कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# जबलपुर के बरगी डैम में हुई दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है: अध्यक्ष महेश व्यास

## प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं पर्यटन मंत्री का पुतला दहन किया गया

**राजेश बबेले**
**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

जबलपुर के बरगी डैम में हुई दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है आंधी-तूफान और बारिश की पूर्व चेतावनी के बावजूद भी क्रूज़ संचालन जारी रहना,साफ तौर पर शासन प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

बुधवार को मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश व्यापी आव्हान पर युवा कांग्रेस बीना विधानसभा अध्यक्ष महेश व्यास (श्याम)के नेतृत्व में बीना के सर्वोदय चौराहे पर प्रदेश की भाजपा सरकार के पर्यटन मंत्री को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं पर्यटन मंत्री का पुतला दहन किया गया। उल्लेखनीय है कि जबलपुर के बरगी डैम में हुई क्रूज दुर्घटना के विरोध में बुधवार को बीना के सर्वोदय चौराहे पर युवा



कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनका पुतला जलाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और मौके पर तैनात भारी पुलिस बल के बीच तीखी झड़प भी हुई। युवा कांग्रेस के प्रदेशव्यापी आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष महेश व्यास ने किया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को घेरकर पुतला जलाने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी पुलिसिया घेरा तोड़कर पुतला फूंकने में सफल रहे।कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पर्यटन मंत्री की तत्काल बर्खास्तगी की मांग उठाई। युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश व्यास ने आरोप लगाया कि आंधी-तूफान और बारिश की पूर्व चेतावनी होने के बावजूद क्रूज का संचालन किया गया, जो शासन-प्रशासन की गंभीर लापरवाही है।

उन्होंने कहा कि इस हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मंत्री को पद छोड़ देना चाहिए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यक्रम में पीपी नायक,प्रशांत राय,अनुराग ठाकुर,अजय प्रताप सिंह प्रभात व्यास,कमलेश साहू, छुटकल पंथी, निदान जैन,आयुष जैन सहित दर्जनों कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नव नियुक्तआंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**



महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नव नियुक्त आंगनवाडी कार्यकत्ता एवं सहायिकाओं का ईसीई के कार्यों की बेहतर समझ बनाने के लिए 3 दिवसीय उन्मुखीकरण अज़ीम प्रेमजी कार्यालय, बीना में आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण में बीना ब्लॉक की दो परियोजनाओं के अंतर्गत नवनियुक्त कुल 4 कार्यकर्त्ता एवं 35 सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से 'शाला पूर्व शिक्षा' पर केन्द्रित था ।इस प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों को शाला पूर्व शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। उनके केंद्र ने 3 से 6 वर्ष के बच्चों के साथ किस प्रकार गतिविधियाँ करवाई जायेंगी इस पर विस्तार से बातचीत की गयी। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को विभागीय जानकारियाँ एवं अलग अलग नियमों से भी अवगत कराया गया ।इस प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती रचना राय (पर्यवेक्षक) एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य सुगमकर्ता की भूमिका में रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-जनभागीदारी और सिटीजन फीडबैक से बेहतर रैंकिंग के प्रयास जारी

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा तैयारियों को और अधिक गति प्रदान की जा रही है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

साथ ही सिटीजन फीडबैक अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचालित करने कर नगर के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ अभियान से जुड़ने हेतु निर्देशित किया गया है। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिकों की सक्रिय सहभागिता एवं सकारात्मक फीडबैक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वार्डवार विशेष दलों का गठन किया गया



है, जिन्हें घर-घर पहुंचकर नागरिकों से संवाद स्थापित करने, स्वच्छता संबंधी जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक सिटिजन फीडबैक सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए विभिन्न वार्डो, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों की जानकारी दे रहे हैं। जिसके तहत बुधवार को जागृति पार्क, सुरम्य पार्क, जिला चिकित्सालय, बस स्टैंड, गोल बाजार सहित नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में फीडबैक की कार्यवाही की जाकर नागरिकों से अपील की गई कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत सकारात्मक फीडबैक प्रदान करें।

नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा यह विशेष अभियान केवल सर्वेक्षण में बेहतर अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता विकसित कर जनभागीदारी आधारित स्वच्छ वातावरण तैयार करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। निगम प्रशासन का विश्वास है कि नागरिकों के सहयोग एवं सहभागिता से कटनी नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने में सफल होगा।

## टीकमगढ़ में लगा 6 शिविर, 248 मरीजों की जांच में 23 कैंसर पीड़ित चिन्हित

# पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी की पहल पर जिला अस्पताल में भोपाल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सेवाएं

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**

छोटे शहरों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद जिला चिकित्सालय में विशाल निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह लोधी के विशेष प्रयासों से जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, भोपाल के वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर में जिलेभर से पहुंचे मरीजों ने कैंसर जांच,



विशेषज्ञ परामर्श और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 248 लोगों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें से 23 मरीज कैंसर पीड़ित पाए गए। चिन्हित मरीजों को आगे के उपचार एवं परामर्श के लिए विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। भोपाल से पहुंचे वरिष्ठ मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. विजय भार्गव, वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. नीलू मेहरोत्रा, डॉ. कुमारी नूतन सहित विशेषज्ञ टीम ने मरीजों की जांच कर कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एसपी मनोहर मंडलोई, सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी, राकेश गिरी, दीपक मिश्रा, अजय प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य केवल जांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को यह संदेश भी दिया गया कि कैंसर का समय पर पता लगने पर उसका इलाज संभव है। आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में मरीजों ने इसे स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।